# भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने भरा नामांकन, रोडशो कर दिखाई ताकत

**रोड शो**

8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा समर्थन में रोड शो निकाला।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी गढ़वाल से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने मंगलवार को देहरादून में नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मंगलवार को रोड शो निकाला। भगवामय रोड शो में भाजपा ने शक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें नारीशक्ति की सशक्त झलक दिखी।
रोड शो में उमड़े जनसैलाब से भाजपा जीत के लिए आश्वस्त दिखी। रोड शो में फूलों से सजे वाहन पर सवार मुख्यमंत्री धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और टिहरी उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और एक बार फिर कमल खिलाने के लिए जनसमर्थन मांगा। इस लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला से है।भजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार रिकॉर्ड मतों से प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात जुटे हैं।नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा उम्मीदवार ने रोड शो कर अपनी ताकत दिखाई। पूरा रोड शो मोदी-धामी के नारों से गूंज रहा था। जय श्रीराम के जयघोष के साथ जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे... उज्जैन सजाए हैं, मथुरा को सजाना है... जैसे तमाम नारे गूंज रहे थे। सबसे बड़ी बात यह है कि रोड में सबसे आगे महिलाओं की टोली चल रही थी, जो नारीशक्ति की सशक्त झलक पेश कर रही थी। अन्य कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के बीच भाजपा का झंडा लहराते चल रहे थे। रोड शो दर्शनलाल चौक से निकला, जो घंटाघर, पलटन बाजार, धामावाला चौक, राजा रोड चौक, गांधी रोड, द्रोण होटल से कचहरी पहुंचा। यहां कलेक्ट्रेट में भाजपा उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी शाह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।
नामांकन को लेकर परेड ग्राउंड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय और टिहरी लोकसभा कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। रोड शो और नामांकन के दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, भाजपा विधायक शक्तिलाल शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा समेत भारी तादाद में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कैदियों की रिहाई को लेकर जेल मैनुअल का किया जाएगा पालन : मुख्य सचिव

**विचार**

8 जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुनः समिति के समक्ष विचार किया जाएगा।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव ने कहा कि जेल में बंद कैदियों की रिहाई को लेकर न्यायालय के निर्देश और जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की जायेगी।
मंगलवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में न्याय विभाग और गृह विभाग के अधिकारियों की समिति में जेल से कैदियों की समय पूर्व रिहाई पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देश और उत्तराखंड जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। सर्वप्रथम, ट्रायल कोर्ट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुनः समिति के समक्ष विचार किया जाएगा।
मुख्य सचिव ने कहा कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से अनुरोध किया जायेगा की सभी न्यायालयों को निर्देशित कर के प्राथमिकता पर आख्या भेजें।

## दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में युवक घायल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आईडीपीएल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात दो पक्षों के बीच लड़ाई हो गई। इस लड़ाई में गंभीर रूप से घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस युवक को दूसरे पक्ष के लोग सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में घुसकर मारपीट करने लगे। उन्होंने सरकारी कार्य में भी बाधा डाली।
मारपीट करने वाले पक्ष के एक व्यक्ति ने वहां पर ड्यूटी कर रही डॉक्टर सुबा गुप्ता और अस्पताल के बाकी स्टाफ के साथ धक्का मुक्की करते हुए बदतमीजी की। अस्पताल के कागज, फाइल और सामान को इधर-उधर बिखेर दिया।

# लोकसभा चुनावः उम्मीदवार के खर्च रजिस्टर की जांच करेगा चुनाव आयोग

**निर्देश**

8 मीडिया मॉनिटरिंग और निगरानी कक्ष के कार्मिकों को पेड न्यूज पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है।

**देहरादून**
लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च के रजिस्टर की जांच तीन बार की जाएगी। टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के व्यय लेख पंजिका के मिलान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी सोनिका ने तिथि निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल, 12 अप्रैल और 16 अप्रैल को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सुबह 10 से अपरान्ह पांच बजे तक किया जाएगा।

**निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन न करना पड़ेगा भारी, होगी कार्रवाई-**
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय लेख पंजिका, बाउचर्स और निर्वाचन बैंक खाता विवरण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रतियां भी नियत तिथि और समय स्थान पर स्वयं या अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता 171 आईके प्राविधानों के अंतर्गत बिना किसी पूर्वाग्रह के दंडनीय कार्यवाही की जाएगी। इसका संपूर्ण दायित्व स्वयं उम्मीदवार पर होगा।

**निर्वाचन व्यय से संबंधित नियमों की दी जाएगी जानकारी।**
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित विधिक प्राविधानों और उनका पालन करने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में दो अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से उम्मीदवारों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के साथ बैठक होगी। बैठक में निर्वाचन व्यय से संबंधित नियमों की जानकारी दी जाएगी।

**पेड न्यूज पर निगरानी-**
लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और निर्विघ्न कराने के लिए कचहरी परिसर में सी-विजिल कंट्रोल रूम, डीसीसी 1950, सूचना हेल्पडेस्क, एमसीएमसी (मीडिया मॉनिटरिंग और निगरानी कक्ष) और कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनिटरिंग और निगरानी कक्ष के कार्मिकों को पेड न्यूज पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने पेड न्यूज संज्ञान में आते ही समिति के सम्मुख रखते हुए व्यय नोडल को प्रेषित करने को कहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## होली का त्योहार मनाने ऋषिकेश आए हरियाणा-पंजाब और स्थानीय सहित तीन युवक गंगा में डूबे

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत होली का त्योहार मनाने आए पंजाब- हरियाणा और स्थानीय सहित तीन युवक विभिन्न स्थानों पर नहाते हुए गंगा में डूब गए। इस सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवकों की खोज के लिए सर्च अभियान चला रही है। एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि लक्ष्मण झूला थाने पर कुछ युवकों के गंगा नदी में नहाते समय डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर एसडीआरएफ की टीम ने साईं घाट, लक्ष्मणझूला के पास सर्च अभियान चलाया जा रहा है। 30 वर्षीय युवक निखिल निवासी भठिंडा बताया गया है। दूसरी घटना नीम बीच में हुई। इस युवक का नाम 25 वर्षीय अक्षय निवासी करनाल बताया गया है, यह दोनों अपने साथियों के साथ होली का पर्व मनाने ऋषिकेश आए थे। इन दोनों युवकों की तलाश के लिए मंगलवार को भी सर्च अभियान चलाया जा रहा है।
जबकि तीसरी घटना गरुड़ चट्टी से आगे क्लिफ जंप के पास हुई। इसमें आरवीएनएल आरवीएनएल की मैक्स कंपनी में कार्यरत कुक का कार्य करने वाला सुरेंद्र सिंह नेगी पुत्र कुंदन सिंह नेगी, निवासी ग्वाल गांव टिहरी गढ़वाल गरुड़ चट्टी से आगे क्लिफ जंप के पास बह गया था। उसका शव नीम बीच के पास जल पुलिस को बहता हुआ दिखाई दिया। उसके शव जल पुलिस ने बरामद कर लिया। युवकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## योगाचार्यों की टीम ने योग और ध्यान के अभ्यास करवाए



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पण्डित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्व विद्यालय परिसर, ऋषिकेश के नमामि गंगे प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ,राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन.एम.सी.जी.),जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार , राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड एवं आदियोगस्थली योग संस्था के सहयोग से गंगा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत योगाचार्यों की टीम ने योग और ध्यान के अभ्यास के साथ उनके लाभ पर प्रकाश डाला।
मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मेन्दोला ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रहें।
योगाचार्य अमन शर्मा ने बताया कि छात्रों के लिए योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभ्यास है। योग के अभ्यास से छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार मिलता है, जो उनके अध्ययन और जीवन को सहारा देता है। योग उन्हें ध्यान, अवसाद और तनाव से निकालने में मदद करता है और उनके मन को शांति और स्थिरता का अनुभव करने में सहायक होता है। इसके साथ ही, योग उनकी धारणा शक्ति को भी बढ़ाता है और उन्हें स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली की दिशा में मदद करता है।
योगाचार्या वंशिका कौशिक ने छात्रों को संतुलित भोजन के बारे में बताया कि संतुलित भोजन का मन पर प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। संतुलित आहार लेने से आपके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जो आपको स्थिरता और ऊर्जा प्रदान करता है। सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करने से मन और शरीर दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इसके विपरीत, असंतुलित आहार से तंदुरुस्ती के बारे में कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जैसे कि मनोविकार और अवसाद। योगाचार्य अंशुल पंवार ने विभिन्न प्रकार के लाभप्रद आसन और व्यायाम की कक्षा से सभी छात्रों को शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति के साधनों का मार्गदर्शन किया। इसमें लगभग 120 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

## हरिद्वार को अपना राजनैतिक ठिकाना बनाने वाले हरीश रावत परिवारवाद को दे रहे बढ़ावा : संजय गुप्ता



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अल्मोड़ा से अपनी राजनीति की शुरूआत कर प्रदेश अध्यक्ष से सांसद और मुख्यमंत्री बनने तक का सफर तय करने के बाद अब हरीश रावत ने परिवार समेत अपनी कर्मभूमि हरिद्वार को बनाया है। चार बार सांसद का चुनाव हारने के बाद जनता से तिरस्कृत हुए हरीश रावत ने अब अपने बेटे को हरिद्वार से चुनाव मैदान में उतारकर परिवारवाद को बढ़ावा देने का कार्य किया है, लेकिन जनता समझदार है और इस बार भी माता-पिता की भांति बेटे को भी हार का स्वाद चखाएगी।
लक्सर क्षेत्र से पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार की हरिद्वार सीट से बम्पर वोटों से जीत होगी और केन्द्र में 400 पार से भाजपा सरकार बनाएगी।
पूर्व विधायक गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में कहाकि अखण्ड यूपी के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रहे हरीश रावत भले की चार बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा सांसद रहे हो, किन्तु लम्बे समय से अल्मोड़ा की जनता ने इन्हें तिरस्कृत कर दिया। जिस कारण से वर्ष 2009 में हरीश रावत ने हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ा।
उसके बाद मुख्यमंत्री रहते हुए हरिद्वार से इन्होंने अपनी पत्नी रेणुका रावत को हरिद्वार से चुनाव लड़वाया, किन्तु भाजपा के डा. निशंक से उन्हें हार का स्वाद चखना पड़ा। वर्ष 2017 में पुनः हरीश रावत हरिद्वार से चुनाव मैदान में उतरे और विधानसभा की हरिद्वार ग्रामीण व अल्मोडा दो सीटों से चुनाव लड़ा, किन्तु सीएम रहते हुए दोनों की स्थानों से इन्हें हार का सामना करना पड़ा।
उन्होंने कहा कि इतना होने के बाद भी इन्होंने वर्ष 2022 में विस चुनावों में हरिद्वार ग्रामीण सीट से अपनी बेटी अनुपमा रावत को चुनाव मैदान में उतारा और उन्होंने विजय हासिल की। परिवारवादी पार्टी से जुड़े हरीश रावत इतना होने के बाद भी परिवारवाद को बढ़ावा देने में लगे रहे। अब चुनाव में स्वंय को टिकट न मिलने पर उन्होंने अपने बेटे वीरेन्द्र रावत को हरिद्वार सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया।उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हार का स्वाद चखने के बाद अब हरीश रावत आगामी निगम और पंचायत चुनावों में भी अपने परिवार को चुनाव लड़ाएंगे। इन्हें केवल अपने परिवार से मतलब है, जनता के सुख-दुःख से इन्हें कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री और सांसद रहते हुए भी इन्होंने हरिद्वार के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

## लोकसभा चुनाव के लिए महाविद्यालय के भवन का किया अधिग्रहण

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव कराने के लिए चमोली जिला मुख्यालय स्थित गोपेश्वर पीजी कॉलेज के भवन और उसके परिसर का अधिग्रहण किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी के अधिग्रहण आदेश के क्रम में लोकसभा चुनाव में प्रयोग में आने वाली ईवीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन के पश्चात विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में सुरक्षित रखने, मतदान के पश्चात पोल्ड ईवीएम को स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखने, मतगणना तथा निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों को करने के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर के भवन और परिसर को छह जून तक के लिए अधिग्रहित किया गया है।

# ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचे एसएसपी, मनायी होली

**मनोबल**

8 एसएसपी मीणा ने जवानों को रंग लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले लगाकर सभी का मनोबल बढ़ाया।



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में हर्षोल्लास के साथ होली मनायी गयी। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने होली पर्व पर घर-परिवार से दूर रह कर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के बीच पहुंचे और उन्हें लंच पैकेट, पकवान के साथ मिठाई से मुंह मीठा कराया। पुलिस मुखिया को अपनी ड्यूटी प्वॉइंट पर अचानक देखकर जवानों के चेहरे पर अलग सी रौनक देखने को मिली। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से बातचीत कर त्योहार के माहौल की जानकारी भी ली।
एसएसपी मीणा ने जवानों को रंग लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले लगाकर सभी का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने भीमताल तिराहा, कोल्टेक्स, नरीमन तिराहा, खेड़ा, बनभूलपुरा, मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, मुखानी चौराहा, सेंटर हॉस्पिटल, ऊंचापुल, कठघरिया, लामाचौड़, आम्रपाली इत्यादि ड्यूटी प्वाइंट पर लगे सभी महिला और अन्य पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित भी किया गया।इस दौरान प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी संगीता सीओ लालकुआं, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, प्रमोद पाठक पीआरओ समेत संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष भी साथ रहे।

# रक्षा सूत्र बांध कर लिया पेड़ों को बचाने का लिया संकल्प

**संकल्प**

8 चिपको आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधकर स्मृतिवन को बचाने का संकल्प दिया है



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के उर्गम घाटी के पिलखी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को चिपको आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।
उर्गम घाटी के पिलखी गांव के ग्रामीणों की ओर से गांव के निकटवर्ती क्षेत्र में गौरादेवी की स्मृति में वन बनाया गया है, जहां पर तीन सौ से अधिक पेड़ संरक्षित किया गया है। पीएमजीएसवाई की ओर से भेटा-भर्की सड़क निर्माण के कारण इस स्मृति वन के अधिकांश पेड़ों क्षति पहुंची है, जिससे ग्रामीणों में खासा रोष है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी समेत कार्यदायी विभाग को भी पत्र भेजा था, लेकिन कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण ग्रामीणों ने स्वयं ही इस वन को बचाने के लिए चिपको आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध कर स्मृति वन को बचाने का संकल्प दिया है।
चिपको आंदोलन की वर्षगांठ पर अंकुर बल पंचायत पिलखी, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल पिलखी, जनदेश के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी, भूतपूर्व सैनिक सूबेदार भोला सिंह नेगी, रामेश्वरी देवी, सरस्वती देवी, सूरज सिंह, आशुतोष नेगी, ऋषभ नेगी, अमन नेगी, अंशिका, भरत सिंह नेगी, ग्राम प्रधान हेमलता देवी ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया।

# त्रिवेन्द्र ने किया नामांकन, बोले, जनता के आशीर्वाद से प्रचंड होगी भाजपा की जीत

**नामांकन**

8 नामांकन दाखिल करने से पूर्व रावत ने सपत्नीक हरकी पैड़ी पहुंचकर मां गंगा का पूजन-अर्चन की



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व रावत ने सपत्नीक हरकी पैड़ी पहुंचकर मां गंगा का पूजन-अर्चन की और जीत का आशीर्वाद लिया।
त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए 23 मार्च को ऑनलाइन नामांकन किया था। इसके बाद आज उन्होंने चार सेट में नामांकन दाखिल किया।
इस दौरान त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए हरिद्वार की मयार्दा और गरिमा को देखते हुए हरिद्वार के विकास के लिए चुनाव मैदान में उतारा है। मैं उनके इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने चार सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जीत के प्रति आश्वस्त त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि उनका किसी से कोई मुकाबला नहीं है। जनता के प्रेम व आशीर्वाद से वह प्रचंड बहुमत से विजयश्री हासिल करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली और प्रणाली से जनता अविभूत है और इस बार चार सौ पार के साथ तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।
इस अवसर पर रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# मानहानि का नोटिस देंगे अतोल सिंह

## अतोल कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में हो गये थे शामिल



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर पालिका बड़कोट के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता अतोल सिंह रावत ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लगाये गये आरोपों पर मानहानि का नोटिस देने की बात कही है। इससे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।
उन्होंने कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की कभी इतनी दुर्दशा नहीं हुई, जितनी मौजूदा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई है। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बतौर कप्तान माहरा के गलत नीतियों के कारण गढ़वाल मंडल के दिग्गज नेता कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसलिए माहरा को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से हटा देना चाहिए।
उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महरा ने बीते दिनों बयान देते हुए कहा था कि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अतोल रावत ने भ्रष्टाचार के कारण भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। जबकि रावत ने इस बयान को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि माहरा ने उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। वे माहरा पर मानहानि का केस दर्ज कराएंगे।

# चुनाव प्रक्रिया में विज्ञापन का प्रमाणीकरण आवश्यक : जिला निर्वाचन अधिकारी

निर्वाचन

8 विज्ञापनों के प्रमाणीकरण और पेड न्यूज का एमसीएमसी करेगी अवलोकन



**हामिद**

**चंबाः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सभी राजनैतिक दलों, समूह अथवा प्रत्याशियों को अनिवार्य रूप से मीडिया में विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति प्राप्त करनी होगी। वे उपायुक्त कार्यालय के सभागार में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय परिसर में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का कार्यालय शुरू किया गया है। आदर्श-आचार संहिता के लागू होने के पश्चात मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति द्वारा कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। समिति द्वारा विज्ञापनों के प्रारूप एवं पेड न्यूज का सूक्ष्म अवलोकन किया जा रहा है। साथ उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञापनों के प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। सामाजिक समरसता बिगड? की आशंका हो अथवा तनाव बढ़ाने वाला, नैतिकता, सदाचार के विपरीत तथा किसी भी धर्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण भी नहीं किया जायेगा।उन्होंने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशी को अपना आवेदन प्रस्तावित विज्ञापन की डिजिटल प्रति और उसका प्रतिलेख प्रसारण आरंभ होने की निर्धारित तिथि से संबंधित प्रमाणन समिति को प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात प्रिंट मीडिया इकाई के केवल ई-संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई, एफ एमए स्थानीय रेडियो इकाई इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों एवं पेड़ न्यूज पर समिति द्वारा नजर रखी जा रही है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों का ब्यौरा रखा।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित

जागरूकता रैली

8 अधिकतम मतदान तय बनाने के मकसद से ऊना में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

**राजन पुरी**

**ऊनाः** आम चुनावों में सबकी सहभागिता से अधिकतम मतदान तय बनाने के मकसद से मंगलवार को ऊना में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित इस गतिविधि में राजकीय महाविद्यालय ऊना के एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता



के संदेश वाली तख्तियों, बैनर्स और नारों के साथ लोगों को मतदान के महत्व तथा मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक किया। जागरूकता रैली के सम्पन्न होने पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने सभी कैडेट्स और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी पात्र युवाओं से अपना वोट बनवाने और मतदान करके सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महिंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान, एनसीसी संयोजक अश्विनी कुमार, निर्वाचन कानूनगो हरजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैड़ी मेले के दौरान बड़ा हादसा, 2 श्रद्धालुओं की मौत, 7 जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊनाः** उपमंडल अंब के मैड़ी में चल रहे होला मोहल्ला में सोमवार को होली पर्व के दिन लैंड स्लाइडिंग होने से पंजाब के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि सात श्रद्धालु घायल हुए हैं। इनमें से तीन को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया है, जहां से एक को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान बिल्ला पुत्र केवल सिंह निवासी फरीदकोट पंजाब व बलवीर चंद पुत्र वतना राम निवासी फरीदपुर जिला जालंधर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के फौरन बाद पवित्र चरण गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन सुबह करीब 5 बजे मेला सेक्टर नंबर 5 चरण गंगा में श्रद्धालु पवित्र झरने में नहा रहे थे। इसी दौरान पहाड़ से अचानक चार पांच पत्थर की स्लाइडिंग हो गई। पहाड़ से पत्थर गिरते देख श्रद्धालुओं में भगदड़ भी मच गई। हादसे में चरण गंगा में स्नान कर रहे 9 श्रद्धालु जख्मी हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया, जिसमें से दो श्रद्धालुओं की मौत होगी। जबकि तीन को गंभीर हालत के चलते क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पहाड़ से हुई स्लाइडिंग के चलते जो श्रद्धालु जख्मी हुए हैं। इनमें से दो की मौत हो गई है जबकि अन्य का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने हादसे के फौरन बाद पवित्र चरण गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान पर पाबंदी लगा दी है।

ये हैं घायल

हादसे में रघुवीर सिंह सुपुत्र बिल्लू सिंह निवासी रोड़ी कपुरा जिला फरीदकोट उम्र 30 को पीजीआई रैफर कर दिया गया है। जबकि बलवीर सिंह पुत्र बाला राम निवासी निदाना डाकघर खेड़ जिला जिंद हरियाणा और साधुराम पुत्र रामकुमार निवासी हरियाणा का ईलाज क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चल रहा है। इसके अलावा गोविंद सुपुत्र देव राज निवासी बरणाला, धर्मेंद्र सिंह सुपुत्र जसपाल सिंह निवासी सोल जिला तरनतारण, हरपाल सिंह सुपुत्र शेर सिंह निवासी अमृतसर, बबलू सुपुत्र लाली निवासी पिंड बराड़ अमृतसर और अंग्रेज सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी भराड़ तहसील अजनला जिला अमृतसर का ईलाज अंब अस्पताल में चल रहा है।

### खुरवाई में अवैध लकड़ी से भरी पिकअप काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना बंगाणा के तहत खुरवाई में पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान अवैध लकड़ी से भरी एक पिकअप गाड़ी को काबू किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सोम-मंगल की मध्य रात्रि बंगाणा पुलिस ने खुरवाई के समीप नाकेबंदी की हुई थी। इस दौरान पुलिस ने बंगाणा की ओर से आ रही एक पिकअप रोका। तलाशी के दौरान गाड़ी में लकड़ी थी, जो कि अवैध रूप से लकड़ी को लेकर बड़सर से होशियापुर बेचने जा रहा था। पूछताछ के दौरान गाड़ी चालक की पहचान पंकज बनियाल निवासी बडसर जिला हमीरपुर के रूप में हुई। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने अवैध रूप से लकड़ी ले जाने पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भद्रकाली के जतिन प्रथम

**राजन पुरी**

**ऊनाः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा समूरकलां में मंगलवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थी परिषद के प्रदेशाध्यक्ष राकेश शर्मा, विशेष अतिथि के रूप में रविंद्र वासुदेवा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरज शर्मा ने की। जिला संयोजक चंदन सेखडी ने बताया कि एबीवीपी द्वारा छात्रों की प्रतिभा को मंच देने के लिए स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई थी। वर्ष 2023 में हुई परीक्षा में जिला से 1208 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में भद्रकाली स्कूल के जतिन वर्तिया प्रथम, बाल स्कूल ऊना के प्रथित व कन्या स्कूल ऊना की प्राची शर्मा ने तृतीय स्थान पाया। जिला भर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले इन छात्रों को विद्यार्थी परिषद ऊना जिला भी जिला स्तर पर 11000, 7100 व 5100 के नकद पुरस्कारों के साथ सम्मानित किया गया।

## मैड़ी में श्रद्धालु की संदिग्ध मौत

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना अंब के तहत मैड़ी में श्रद्धालु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान निर्मल सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी जिला तरनतारण, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन मैड़ी के सेक्टर नंबर एक में निर्मल सिंह का शव अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# शाही जाहो-जलाल से बाबा साहिब सिंह जी बेदी जन्म उत्सव समागम प्रारंभ

समागम

8 बाबा साहिब सिंह बेदी के जन्म उत्सव समागम मंगलवार को शाही जाहो जलाल से प्रारंभ हो गए।

**राजन पुरी**

**ऊनाः** ऊना नगर के संस्थापक व गुरु नानक देव के वंशज बाबा साहिब सिंह बेदी के जन्म उत्सव समागम मंगलवार को शाही जाहो जलाल से प्रारंभ हो गए। तीन दिन चलने वाले इस समागम में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा सहत देश-विदेश से हजारों की संख्या में संगत उपस्थित हो कर कार्यक्रम में हिस्सा लेती है। मंगलवार को प्रातःकाल



सरबत के भले के लिए श्री अखंड पाठ साहिब दीवान हाल में प्रारंभ किए गए।

इस अवसर पर पिछले दो दिन से चल रहे श्री हजूर साहिब नांदेड साहिब से आए जत्थे द्वारा श्री दसम ग्रंथ, श्री सरबलोह ग्रंथ साहिब तथा श्री जाप साहिब की वाणी के पाठ के भोग डाले गए। इस अवसर पर श्री हजूर साहिब से सिंह साहिब ग्यानी कुलवंत सिंह जी की तरफ से ज्ञानी बिक्रमजीत सिंह के नेतृत्व में आए जत्थे द्वारा बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी, बाबा अमरजोत सिंह बेदी व बाबा तेग्वीर सिंह बेदी को सम्मानित किया। बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने बताया की 27 मार्च को प्रात के दीवान की समाप्ति के बाद 2 बजे श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया, पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन का आयोजन होगा, जो ऊना नगर की परिक्रमा कर किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि 27 मार्च रात को किला बेदी साहिब में कीर्तन दरबार व 28 मार्च दिन को संत समागम व रात को दमदमा अस्थान बाबा साहिब सिंह जी बेदी में कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह बेदी, बाबा तेग्वीर सिंह बेदी, बाबा अमनदीप सिंह, बलविंदर सिंह मंसूरां, हरदीप सिंह, गोपाल सिंह, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, अजैब सिंह, कश्मीर सिंह, सतनाम सिंह, गगनदीप सिंह, गुरदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुखवंत सिंह, जोग्मान सिंह, बलविंदर सिंह, परमजीत सिंह, गुरदीप सिंह, जोगा सिंह, करनैल सिंह, सुरजीत सिंह, दविंदर सिंह, गगनदीप सिंह, प्रितपाल सिंह, इकबाल सिंह, अनिल सिंह, कश्मीर सिंह, तलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, प्रभजोत सिंह व सुरजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रम अपना घर घागस में हर्षोल्लास से मनाया होली का त्योहार

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** उम्र के अंतिम पड़ाव में बेरंग हो चुकी उम्मीदों को एक बार फि र से रंगने तथा मुरझाए चेहरों पर मुस्कुराहट लाने के उद्देश्य से घागस स्थित वृद्धाश्रम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील कल्याण अधिकारी बनीता ने विशेष तौर पर शिरकत की है। मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर के सानिध्य में चल रहे वृद्धाश्रम यानि अपना घर के संस्थापक अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों ने खूब आनंद उठाया। अपना घर के



सदस्यों ने एक दूसरे के साथ अबीर गुलाल के साथ होली खेली और पहाड़ी गानों पर डांस किया। प्रकाश चंद बंसल ने बताया कि अपना घर में हर त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसी कड़ी मे होली का पर्व भी मनाया गया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बुजुर्ग प्रसन्न दिखे तथा उनके लिए मिठाई और विशेष लंच का प्रावधान भी किया गया था। इस अवसर पर अपना घर प्रबंधक पंकज कुमार व स्टाफ नर्स आरती चंदेल आदि मौजूद रहे।

## रायपुर में सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः**

पुलिस थाना मैहतपुर के तहत रायपुर में एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस सोमवार देर शाम रायपुर में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने अमन डोगरा निवासी हरियाणा को सट्टा लगाते हुए काबू किया, जिससे 1720 रुपये नगदी बरामद की गई है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने अमन के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 25 दिन बाद वापिस कुटलैहड़ लौटे देवेंद्र भुट्टो, जयराम ठाकुर रहे साथ



**राजन पुरी**

**ऊनाः** कांग्रेस से बगावत करने के बाद हाल ही में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का 25 दिन के बाद वापस विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मैहतपुर से लेकर समूर कलां तक ढोल नगाड़ों की थाप पर स्वागत किया।

भाजपा के मंच से जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सर्वप्रथम भाजपा द्वारा कुटलैहड़ का प्रत्याशी बनाए जाने पर हाईकमान का आभार जताया। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि एक काम के लिए मुख्यमंत्री के पास 25 चक्कर लगाने के बाद भी वह काम नहीं होता था। उन्होंने कहा कि आज तक मैंने ऐसा निकम्मा मुख्यमंत्री नहीं देखा, जिसका कोई विजीन न हो। उन्होंने कहा कि 14 महीने की विधायकी में उन्हें और उनके साथ उन सभी विधायकों को जलालत का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कांग्रेस से तंग आकर बगावत करना बेहतर समझा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मित्रो की सरकार है, जो बहुत जल्द गिरने वाली है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि विधायकों के खिलाफ झूठे केस दायर किए गए, उनके परिवार के कारोबार को बंद किया गया। इतना ही नहीं घर तक जाने वाले रास्तों को बंद करने का काम सरकार ने किया। सच बोलने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि लोगों को खनन माफिया बताने वाले मुख्यमंत्री बताएं कि जब प्रदेश भर में सारे स्टोन क्रेशर बंद थे, तो नादौन में चलने वाली एकमात्र खनन लीज किसकी चल रही थी।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

परीक्षा परिणाम

8 गुरूकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटौहर कलां में बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।

**ऊना**

गुरूकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटौहर कलां में बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। जिसमें छठी से नवमी कक्षा और जमा एक कक्षा के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पायदान पे रहने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया



गया। इस दौरान गुरुकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटोहर कलां में रोबोटिक लैब की स्थापना की गई। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को विज्ञान, प्रौद्योगिक, इंजीनियरिंग एवं गणित की व्यवहारिक शिक्षा देने के लिए एक रोबोटिक लैब स्थापित की गई है। हमने अपने स्कूल में रोबोटिक लैब की शुरूआत की है, जो एआई का कार्यान्वयन है। छात्र एआई में विभिन्न विषयों के बारे में सीखेंगे।

छात्रों को रोबोट की सामान्य कार्यप्रणाली से परिचित कराने के लिए रोबोटिक्स लैब की स्थापना की गई है।

इससे बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय, प्रिंसिपल डॉ संतोष कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हिमाचली हिंदी साहित्यः अंग्रेजी व दूसरी भाषाओं में अनुवाद से बनने लगी पहचान

रचनाकार

8 साठ के दशक में हिमाचली रचनाकारों ने कहानी-कविता में दिया था राष्ट्रीय स्तर पर दखल



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** हिमाचल के हिंदी साहित्य की पहचान पं. चंद्रधर शर्मा की कहानी उसने कहा था से राष्ट्रीय ही नहीं विश्व साहित्य में भी है। इसका शुमार विश्व की कालजयी प्रेम कहानियों होता है। उसी प्रकार यशपाल, मोहन राकेश और निर्मल वर्मा की रचनाओं ने भी हिमाचल के साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाई। इसके बाद साठ के दशक में हिमाचली रचनाकारों ने कविता और कहानी के क्षेत्र में दखल देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। उस दौर में वरिष्ठ साहित्यकारों सुंदर लोहिया, योगश्वर शर्मा, सुशील कुमार फु ल्ल, रतन सिंह हिमेश समेत कई नाम हैं। जिन्होंने राष्ट्रीय फलक पर हिमाचल के हिंदी साहित्य को मुख्यधारा के साथ जोड़ा और अलग पहचान दिलवाई। अब वर्तमान में एक क्रांतिकारी बदलाव के चलते हिमाचल साहित्य के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है । हिमाचल में अधिकतर साहित्य लोक भाषा, हिंदी और अंग्रेजी में अभी तक सामने आया है। इसमें लोक भाषा और हिंदी का अधिकतर साहित्य है। विश्व स्तर पर अंग्रेजी साहित्य जगत चर्चित के नाम रुस्किन बॉन्ड, सलमान रुश्दी, अमृता शेरगिल, सोभा सिंह की जड़ें कहीं न कहीं हिमाचल से जुड़ी हैं।

हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद का बढ़ रहा है रूझान

वरिष्ठ साहित्यकार उपन्यासकार डा. गंगा राम राजी का कहना है कि आज के साहित्यकारों में अपनी रचना को एक बड़े पाठक वर्ग तक पहुंचाने की प्रवृति बढ़ी है। इसी के चलते हिंदी के अलावा अंग्रेजी साहित्य को बढ़ाने वालों में बिलासपुर से अभ्युदिता गौतम सिंघा, कांगड़ा से पंकज दर्शी, मोहन शर्मा, हरजिंदर चीमा, सुशील फु ल्ल, शिमला से कुंवर दिनेश सिंह, उषा वंदे, मनीषा एफ पॉल आदि हैं, जिन्होंने अंग्रेजी साहित्य को आगे बढ़ाने के लिए अपने अथक प्रयास किए हैं।

# हमीरपुर लोकसभा संसदीय चुनाव क्षेत्र से सुनीत कुमार ने ठोकी ताल

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर**

लोकसभा चुनावों का शंखनाद होते है, विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा टिकट आवंटन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी के तहत भाजपा ने इस सीट पर अनुराग सिंह ठाकुर पर एक बार फि र से दाव खेला है जबकि कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक किसी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। ऐसे मे कांग्रेस के युवा नेता व अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड बिलासपुर के जिलाध्यक्ष सुनीत कुमार ने हमीरपुर लोस संसदीय क्षेत्र से



अपनी प्रबल दावेदारी जताते हुए बतौर कांग्रेस प्रत्याशी आवेदन किया है। सुनीत कुमार ने दावा किया है कि वे दशकों राजनीति से जुड़े हैं तथा हमीरपुर संसदीय सीट को कांग्रेस की झोली में डालने का मादा रखते हैं। उन्होंने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा सिंह, काबिना मंत्री राजेश धमार्णी तथा जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि यदि संगठन उन पर विश्वास व्यक्त करता है तो वे इस सीट को कांग्रेस की झोली में डालने के लिए दिन रात एक कर देंगे।

